श्रीमान जी,

2023/162

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश क्रमांकः–पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थी प्रगट सिंह पुत्र श्री जीतसिंह, निवासी वार्ड न. 7, 17 जैड तहसील व जिला–श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान संबंधी दत्तकपुत्र का शपथ–पत्र, आई डी प्रूफ एवं मूल रसीद पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पिता जीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी गांव 17 जैड, जिला श्रीगंगानगर ने दिनांक 15.10.2020 को बंद वसीसत कस्टडी में रखवाई थी। जिनका देहांत दिनांक 14.12.2020 को हो गया था। उनके द्वारा दिनांक 15.10.2020 को रखवाई गयी बंद वसीयत को खोली जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया है।

प्रार्थी को गवाहान सोहन सिंह पुत्र श्री करतार सिंह और सुनील कुमार पुत्र श्री कान्हाराम ने पहचाना है। प्रार्थी एवं गवाहों की शिनाख्त अधिवक्ता श्री रामगोपाल स्वामी ने की है। अतः निर्धारित शुल्क जमा कर सील्ड पैकेट बंद लिफाफा खोले जाने हेतु प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

20/1/23

**जिला पंजीयक महोदय**